# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या–पी.आर. 166/2022

**(1) वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने हेतु नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के पंजीकृत/अनुमति प्राप्त छात्र/छात्रा का मूल पंजीयन कार्ड जारी करने, (2) विद्यालय के प्रधान द्वारा मूल पंजीयन कार्ड एवं परीक्षा आवेदन पत्र डाउनलोड कर छात्र/छात्राओं को प्राप्त कराने तथा (3) ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने तथा परीक्षा शुल्क जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा राज्य के माध्यमिक स्तर के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधान, वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले पंजीकृत छात्र/छात्राओं, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के पंजीकृत/अनुमति प्राप्त सभी छात्र/छात्राओं का समिति द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0–125/2022, 133/2022 एवं 146/2022 के माध्यम से डमी पंजीयन कार्ड जारी करते हुए उनमें परिलक्षित त्रुटियों का सुधार हेतु पर्याप्त अवसर दिया गया था। उक्त के आलोक में विद्यालय प्रधान के माध्यम से डमी पंजीयन कार्ड में किये गये ऑनलाईन त्रुटियों का सुधार एवं परिमार्जन के उपरान्त समिति के वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** पर छात्र/छात्राओं का **मूल पंजीयन कार्ड एवं परीक्षा आवेदन प्रपत्र** अपलोड कर दिया गया है।

2. विद्यालय के प्रधान समिति के उक्त वेबसाईट से **मूल पंजीयन कार्ड** एवं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले पंजीकृत/अनुमति प्राप्त छात्र/छात्रा के लिए **परीक्षा आवेदन प्रपत्र** डाउनलोड कर अपने विद्यालय के छात्र/छात्राओं को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। सभी छात्र/छात्रा द्वारा पंजीयन कार्ड में अंकित विवरणी के अनुसार परीक्षा आवेदन पत्र भरकर **दो प्रति में अपने विद्यालय के प्रधान के पास जमा किया जाएगा। इसमें से एक प्रति पर विद्यालय प्रधान अपना हस्ताक्षर, मुहर एवं तिथि अंकित करते हुए छात्र/छात्रा को वापस कर देंगे, ताकि छात्र/छात्रा के पास साक्ष्य के रूप में संधारित रहे। परीक्षा आवेदन पत्र की दूसरी प्रति विद्यालय के प्रधान के पास संधारित रहेगा। विद्यालय के प्रधान छात्र/छात्रा द्वारा जमा किये गये परीक्षा आवेदन पत्र में भरे गये विवरण के आधार पर अपने विद्यालय में** संधारित अभिलेख से भली–भाँति मिलान कर संतुष्ट हो लेंगे कि छात्र/छात्रा द्वारा भरे गये विवरण सही हैं। तत्पश्चात <u>दिनांक 15.09.2022 से 25.09.2022</u> तक की अवधि में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरेंगे एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

**3. <u>विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इस वर्ष से 13 (तेरह) Digit का BSEB UNIQUE ID का प्रावधान किया गया है, जो वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 के लिए नवपंजीकृत परीक्षार्थियों के मूल पंजीयन कार्ड में अंकित है, जिसे परीक्षा आवेदन विहित प्रपत्र में उनके द्वारा अनिवार्य रूप से भरा जाएगा। साथ ही इस प्रपत्र के कॉलम–12 में अभ्यर्थी का आधार नंबर अंकित किया जाएगा। यदि अभ्यर्थी को आधार कार्ड/नंबर आवंटित नहीं हुआ है, तो इस आशय की घोषणा कॉलम–13 में अनिवार्य रूप से की जाएगी। इस विषय में कॉलम–12 एवं 13 में स्पष्ट निदेश अंकित है।</u>**

**4. स्पष्ट किया जाता है कि केवल मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान द्वारा ही वैध छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन भरा जायेगा एवं निर्धारित शुल्क जमा किया जायेगा। जिन विद्यालयों की मान्यता/संबद्धता रद्द/निलंबित/वापस ले ली गयी है, वैसे विद्यालयों से परीक्षा आवेदन कदापि नहीं भरा जायेगा। साथ ही किसी भी परिस्थिति में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने के दरम्यान छात्र/छात्रा एवं उनके माता–पिता के नाम तथा अन्य विवरणी के स्थान पर अंग्रेजी के वर्ण यथा–A, B, C, AB, BC, X, XY, XYZ आदि छद्म एवं बेनामी नाम/डमी आंकड़े की प्रविष्टि नहीं की जाएगी। ऐसा पाये जाने पर इस तरह के परीक्षा आवेदन को रद्द करते हुए विद्यालय प्रधान के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।**

**5. वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 के लिए प्रति परीक्षार्थी निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण निम्नवत् है :–**

| मद | सामान्य कोटि के लिए | आरक्षित कोटि–SC, ST & EBC (BC-1) के लिए |
|---|---|---|
| ऑनलाईन परीक्षा आवेदन शुल्क | ₹ 70.00 | ₹ 70.00 |
| ऑनलाईन इन्ट्री शुल्क | ₹ 30.00 | ₹ 30.00 |
| परीक्षा शुल्क | ₹ 115.00 | – |
| विविध शुल्क | ₹ 400.00 | ₹ 400.00 |
| अंक पत्र शुल्क | ₹ 170.00 | ₹ 170.00 |
| औपबंधिक प्रमाण पत्र शुल्क | ₹ 110.00 | ₹ 110.00 |
| विज्ञान आन्तरिक शुल्क | ₹ 55.00 | ₹ 55.00 |
| **कुल** | **₹ 950.00** | **₹ 835.00** |
| व्यावहारिक परीक्षा शुल्क (केवल गृह विज्ञान, नृत्य, संगीत एवं ललित कला के परीक्षार्थियों के लिए) | ₹ 30.00 | ₹ 30.00 |
| **कुल** | **₹ 980.00** | **₹ 865.00** |

**नोट : 1.** बेटरमेन्ट (समुन्नत) एवं एकल विषय (अंग्रेजी) की परीक्षा के लिए प्रति परीक्षार्थी निर्धारित परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त 200.00 रुपये अनुमति शुल्क अलग से देय है, जो परीक्षा शुल्क के साथ जमा करना अनिवार्य है। **2.** माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित एवं अनुत्तीर्ण पूर्ववर्ती परीक्षार्थियों को औपबंधिक प्रमाण पत्र शुल्क 110.00 रूपये देय नहीं है।

6. <u>नियमित (Regular) एवं स्वतंत्र (Private) कोटि के परीक्षार्थियों के लिए :–</u>

वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं, जिन्हें सत्र 2022–2023 के लिए पंजीकृत किया गया है, का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन उनके विद्यालय के प्रधान के द्वारा भरा जाएगा एवं परीक्षा के मद में शुल्क जमा किया जाएगा। ऐसे पंजीकृत छात्र/छात्राओं का डाटा संबंधित विद्यालय के यूजर आई0डी0 पोर्टल पर उपलब्ध एवं अपलोड रहेगा। इसके अनुसार संबंधित परीक्षार्थी, जिसका परीक्षा आवेदन ऑनलाइन भरा जाना है, उसके नाम के सामने अंकित बॉक्स में क्लिक करते हुए Select कर विद्यालय के प्रधान संबंधित परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र भरेंगे।

7. <u>बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि के परीक्षार्थियों के इंटरमीडिएट के अनुरूप परीक्षा आवेदन भरने एवं परीक्षाफल प्रकाशित किये जाने के संबंध में आवश्यक निदेशः–</u>

**(i) बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि के रूप में परीक्षा आवेदन भरने के संबंध में:–** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 के लिए बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि के छात्र/छात्राओं का गत् वर्ष की भांति इंटरमीडिएट के अनुरूप ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरा जायेगा।

**(ii)** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2022 में उत्तीर्ण छात्र/छात्रा अपने किसी एक या एक से अधिक या सभी उत्तीर्ण विषयों में परीक्षाफल बेटरमेन्ट (समुन्नत) करने के लिए बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि के रूप में सम्मिलित होना चाहते हों, तो अपने विद्यालय प्रधान के माध्यम से बेटरमेन्ट (समुन्नत) के रूप में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि में पूर्व के उत्तीर्ण विषय/विषयों में परिवर्तन करने का कोई प्रावधान नहीं है अर्थात् छात्र/छात्रा उसी विषय/विषयों की बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि की परीक्षा में सम्मिलित होंगे, जिसमें वे पूर्व से उत्तीर्ण हों। इस कोटि के परीक्षार्थी को इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने की आवश्यकता नहीं है। इसका पूर्व वर्ष का प्राप्तांक Carry On किया जाता है।

**(iii)** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2022 के उत्तीर्ण छात्र/छात्रा के लिए ही वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि के रूप में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा आवेदन भरा जा सकता है क्योंकि इंटरमीडिएट में उत्तीर्णता वर्ष के ठीक अगले वर्ष (Immediate Succeeding Year) की वार्षिक परीक्षा में वैसे परीक्षार्थी को सम्मिलित होने का प्रावधान है, एक वर्ष Gap के बाद नहीं, जिसके अनुसार माध्यमिक परीक्षार्थियों के लिए भी व्यवस्था की गयी है। इस आधार पर वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 के उत्तीर्ण छात्र/छात्रा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 की परीक्षा में बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि के रूप में सम्मिलित नहीं होंगे।

**(iv)** बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि के छात्र/छात्रा को परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा शुल्क के साथ–साथ अनुमति लेने का प्रावधान है, जो स्वतः देय होगी। इसके लिए विद्यालय प्रधान के द्वारा परीक्षा शुल्क के साथ–साथ अनुमति शुल्क भी ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य होगा।

**(v)** बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि के छात्र/छात्रा के लिए विद्यालय प्रधान अपने पूर्व यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड के आधार पर समिति के पोर्टल पर लॉग–इन कर Annual Secondary Examination, 2022 के लिंक पर जाकर Betterment ऑप्शन सेलेक्ट कर परीक्षार्थी का वर्ष, परीक्षा का रौल कोड, क्रमांक और पंजीयन संख्या अंकित करेंगे, जिससे उस परीक्षार्थी का पूर्ण विवरण पोर्टल पर उपलब्ध हो जाएगा। साथ ही परीक्षार्थी के पूर्व परीक्षा के सभी उत्तीर्ण विषयों को सेलेक्ट करते हुए फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर विद्यालय प्रधान संबंधित अभ्यर्थी का परीक्षा आवेदन भरेंगे।

8. <u>पूर्ववर्ती अभ्यर्थियों (Ex-Candidate) के लिए –</u>

**(i)** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 एवं 2022 के लिए पंजीकृत/अनुमति प्राप्त छात्र/छात्राओं का पंजीयन संख्या वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 की परीक्षा में पूर्ववर्ती कोटि के रूप में सम्मिलित होने के लिए मान्य हैं। वैसे पूर्ववर्ती परीक्षार्थी/अभ्यर्थी, जो वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं, उनके पूर्व के पंजीयन के आधार पर ही वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 के लिए उनके सभी विषयों के लिए विद्यालय प्रधान द्वारा परीक्षा आवेदन ऑनलाइन भरा जायेगा और परीक्षा शुल्क भी जमा किया जायेगा। विद्यालय के प्रधान समिति के वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** पर अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड से लॉग–इन करेंगे। लॉग–इन करने के पश्चात् विद्यालय के डैश–बोर्ड के दायीं ओर Annual Secondary Examination, 2023 के लिंक पर जाकर Ex-Student Option Button Select कर परीक्षार्थी का वर्ष, रौल कोड, क्रमांक एवं पंजीयन संख्या अंकित करेंगे, जिससे उस परीक्षार्थी के पूर्व परीक्षा का विवरण उपलब्ध हो जायेगा। इसके अनुसार परीक्षार्थी का फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर विद्यालय प्रधान संबंधित अभ्यर्थियों का परीक्षा आवेदन ऑनलाइन भरेंगे।

**(ii)** इस कोटि के परीक्षार्थी, जो पूर्व वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित होकर अनुत्तीर्ण हुए हैं, जिन्हें इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा के विषयों में अंक प्राप्त है, को इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने की आवश्यकता नहीं है। इसका पूर्व वर्ष का प्राप्तांक Carry On किया जाता है। किन्तु जो परीक्षार्थी पंजीकृत होने के उपरांत वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में पहली बार सम्मिलित होंगे, उन्हें इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।

9. <u>कम्पार्टमेंटल कोटि एवं एकल विषय (अंग्रेजी) के रूप में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए –</u>

**(i)** वैसे परीक्षार्थी, जो वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 एवं वार्षिक माध्यमिक/कम्पार्टमेंटल–सह–विशेष परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होकर एक/दो विषय अथवा एकल विषय (अंग्रेजी) में अनुत्तीर्ण रहे हो, वैसे परीक्षार्थी भी अगर वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में उक्त अनुत्तीर्ण एक/दो विषय या एकल विषय (अंग्रेजी) की कम्पार्टमेन्टल बाह्य परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हों, तो उनका परीक्षा आवेदन विद्यालय प्रधान भरेंगे और परीक्षा शुल्क भी जमा करेंगे। इस कोटि के परीक्षार्थी को इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने की आवश्यकता नहीं है। इसका पूर्व वर्ष का प्राप्तांक ही Carry On किया जाता है। उक्त कोटि के परीक्षार्थी को श्रेणी (Division), ग्रेस अंक एवं अन्य सुविधा का लाभ देय नहीं होगा।

**(ii)** इस कोटि के परीक्षार्थियों का विद्यालय प्रधान स्वयं परीक्षा आवेदन भरेंगे। इसके लिए वे अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड से लॉग–इन करेंगे। लॉग–इन करने के पश्चात् विद्यालय के डैश बोर्ड के दायीं ओर Annual Secondary Examination, 2023 के लिंक पर Compartmental ऑप्शन सेलेक्ट करेंगे। परीक्षार्थी का वर्ष 2021 एवं 2022 परीक्षा का रौल कोड, क्रमांक एवं पंजीयन अंकित करेंगे, जिससे उस परीक्षार्थी का पूर्ण विवरण उपलब्ध हो जाएगा। विद्यालय प्रधान संबंधित परीक्षार्थी के विवरण को जाँच कर Submit करते हुए परीक्षा आवेदन भरेंगे।

**10. वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने हेतु वैसे छात्र/छात्रा, जिनका पंजीयन आवेदन निर्धारित अवधि तक ऑनलाइन भरा गया है और बार–बार दिये गये अवसर के बावजूद भी अभी तक उसका पंजीयन शुल्क जमा नहीं किया गया है, उनका औपबंधिक रूप से मूल पंजीयन कार्ड ऑनलाईन जारी किया गया है। परन्तु ऐसे छात्र/छात्रा के परीक्षा शुल्क के साथ बकाया पंजीयन शुल्क की राशि भी दिनांक 25.09.2022 तक जमा करना आवश्यक होगा अन्यथा उनका प्रवेश–पत्र निर्गत नहीं किया जाएगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित विद्यालय प्रधान की होगी।**

**11. <u>ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने हेतु वेबसाईट पर लॉग–इन करने के संबंध में :–</u>** परीक्षा आवेदन ऑनलाईन भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु ई–चालान के लिए विद्यालय के प्रधान स्वयं समिति द्वारा पूर्व में ही उपलब्ध कराये गये यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड के माध्यम से समिति के वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** पर लॉग–इन करेंगे।

**12.** ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने में छात्र/छात्रा का मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई0डी0 एवं आधार नंबर भरा जाना है परन्तु ये तीनों चीजें अनिवार्य नहीं है। किन्तु जिन छात्र/छात्राओं का मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 भरा जाएगा, उन छात्र/छात्राओं को समय–समय पर परीक्षा संबंधी जानकारी उनके मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 पर मिलती रहेगी, इसलिए यदि परीक्षार्थियों का मोबाईल नंबर एवं ई–मेल आई0डी0 उपलब्ध है, तो उसकी प्रविष्टि आवश्यक है। साथ ही जो छात्र/छात्रा अपना आधार नम्बर उपलब्ध करायेंगे, उनका पत्राचार Digilocker में समिति द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

**13. छात्र/छात्रा के रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर के संबंध में :–** जिन छात्र/छात्राओं का वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरा जाएगा, उस पर संबंधित छात्र/छात्रा का फोटो का साईज एवं प्रकार निम्नवत् रहना अनिवार्य है :–

**(i) फोटो का साईज एवं प्रकार :–**

**Image Size :-** 35 mm X 30 mm का हो (400 - 500 KB के बीच jpg/jpeg Format में हो)।

**Head Size/Face Size :-** 25 mm X 20 mm

**Background :-** Plain White or Light Green

**(ii)** स्कैन किया हस्ताक्षर का नमूना (jpg/jpeg) फॉरमेट **(3.5cm width x 1 cm height)** में हो तथा आकार 5.20 KB से अधिक न हो।

**14. <u>परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने के संबंध में :–</u>** लॉग–इन के उपरान्त विद्यालय के पेज पर दाहिने भाग में Annual Secondary Examination, 2023 का लिंक उपलब्ध रहेगा, जिसे क्लिक करने पर छात्र/छात्राओं के उपलब्ध विवरणी की जाँच कर परीक्षा आवेदन पत्र भरने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

**15. <u>छात्र/छात्राओं से संबंधित सूचनाओं का सत्यापन :–</u>** उपर्युक्त प्रक्रिया के पश्चात् परीक्षा आवेदन पत्र में भरा गया छात्र/छात्रा का विवरण अपलोड किये गये फोटो तथा हस्ताक्षर एवं विषय के साथ पूरा परीक्षा आवेदन पत्र दिखेगा, जिसकी जाँच एवं विद्यालय अभिलेखों से मिलान करने के उपरान्त ही परीक्षा आवेदन भरा जायेगा। भरे गये परीक्षा आवेदन के सभी विवरणियों को सभी–सही भरे जाने की पूर्ण जिम्मेवारी विद्यालय प्रधान की होगी।

**16. <u>परीक्षा शुल्क के भुगतान के संबंध में :–</u>** परीक्षा शुल्क का भुगतान पंजाब नेशनल बैंक/इंडियन बैंक/एच0डी0एफ0सी0 बैंक के किसी भी शाखा में ई–चालान, डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग/RTGS/NEFT के माध्यम से किया जायेगा।

**17. <u>वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 के लिए परीक्षार्थियों की संख्या सहित जमा किये गए पंजीयन/अनुमति शुल्क तथा जमा किये जाने वाले परीक्षा शुल्कादि से संबंधित चालान की प्रति जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराने के संबंध में :–</u>** सभी विद्यालय प्रधान को यह निदेश दिया जाता है कि वे वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 के लिए अपने विद्यालय के पंजीकृत/अनुमति प्राप्त छात्र/छात्राओं की कुल संख्या सहित जमा किये गए पंजीयन/अनुमति शुल्क तथा परीक्षा आवेदन एवं शुल्क जमा करने की तिथि समाप्ति के उपरान्त परीक्षा शुल्कादि से संबंधित चालान की सत्यापित छायाप्रति जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

**18.** उत्प्रेषण परीक्षा (Sent-up Examination) के संचालन के उपरान्त विद्यालय प्रधान द्वारा उत्प्रेषित (Sent-up) एवं नन उत्प्रेषित (Non Sent-up) या अनुपस्थित छात्र/छात्राओं की अलग–अलग सूची (सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी में) समिति (माध्यमिक) कार्यालय में ससमय उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

**19.** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 के लिए नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के जिन छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन ऑनलाईन भरा जाएगा और परीक्षा शुल्क जमा किया जाएगा उन्हें उत्प्रेषण (Sent-up Examination) की परीक्षा में सम्मिलित होकर उत्प्रेषित होना अनिवार्य होगा। उत्प्रेषण परीक्षा में अनुपस्थित अथवा नन उत्प्रेषित (Non Sent-up) छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र कदापि जारी नहीं किया जाएगा, जिसके लिए संबंधित छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक स्वयं जवाबदेह होंगे। ऐसे छात्र/छात्राओं का परीक्षा शुल्क अधियाचना करने पर संबंधित विद्यालय प्रधान के माध्यम से वापस कर दिया जाएगा।

**20.** समिति के वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** पर User Manual उपलब्ध रहेगा।

**21.** कोविड–19 महामारी को ध्यान में रखते हुए पंजीयन/अनुमति आवेदन भराते समय परीक्षार्थियों के बीच आपसी सामाजिक दूरी (Social Distancing) का दृढ़तापूर्वक पालन किया जाय तथा कोविड–19 के S.O.P (Standard Operating Procedure) तथा कोविड अनुकूल व्यवहार का अनुपालन अनिवार्य रूप से किया जाए।

**22.** ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने या परीक्षा शुल्क जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के **हेल्पलाईन नं0–0612–2232074** पर सम्पर्क किया जा सकता है अथवा **E-mail Id : bsebsehelpdesk@gmail.com** पर सूचित कर परीक्षा आवेदन भरने से संबंधित समस्या का निराकरण किया जा सकता है।

**23.** वर्णित आलोक में सभी विद्यालय के प्रधान, छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक से अनुरोध है कि इस महत्वपूर्ण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए **<u>वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा आवेदन पत्र दिनांक 15.09.2022 से 25.09.2022 तक ऑनलाइन भरने/भरवाने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।</u>**

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)